लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3069
6 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(निफ्ट)

3069. श्रीमती रक्षा निखिल खाडसेः
डॉ. अमर सिंहः
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का वस्त्र और परिधानों के क्षेत्र में बढ़ती मांगों को देखते हुए देश में एक नए राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की स्थापना का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और निफ्ट के नए संस्थानों के लिए प्रस्तावित बजट एवं स्थानों का पंजाब सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने परिधानों और पोशाकों के हालिया ट्रेंडों को ध्यान में रखते हुए निफ्ट में नए पाठ्यक्रम जोड़ने का प्रस्ताव किया है; और

(घ) सरकार द्वारा देश में ऐसे अधिक केंद्र स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और कितना बजट आवंटित किया गया है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): निफ्ट के शासी बोर्ड ने पंचकूला (हरियाणा) और रांची (झारखंड) में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के नए परिसरों की स्थापना के लिए संबधित राज्य सरकारों के अनुरोध को अनुमोदित कर दिया है। वर्तमान में पूरे भारत में निफ्ट के 16 परिसर है जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

क्रम सं.	**निफ्ट परिसर**	**राज्य**
1	बैंगलुरु	कर्नाटक
2	भोपाल	मध्य प्रदेश
3	भुवनेश्वर	ओडिशा
4	चेन्नई	तमिलनाडु
5	गांधी नगर	गुजरात
6	हैदराबाद	तेलंगाना
7	जोधपुर	राजस्थान
8	कांगड़ा	हिमाचल प्रदेश

9	कन्नूर	केरल
10	कोलकाता	पश्चिम बंगाल
11	मुंबई	महाराष्ट्र
12	नई दिल्ली	दिल्ली
13	पटना	बिहार
14	रायबरेली	उत्तर प्रदेश
15	शिलांग	मेघालय
16	श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर

वस्त्र मंत्रालय को पंजाब सरकार के दिनांक 05.05.2010, 24.02.2011, 30.06.2011, 15.11.2011 और 10.10.2013 के पत्रों के माध्यम से लुधियाना और जालंधर स्थित दो केंद्रों सहित इसके संस्थान, नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टैक्नोलॉजी (एनआईआईएफटी), मोहाली का निफ्ट नई दिल्ली के साथ विलय करने संबंधी कई पत्र प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, मंत्रालय को लुधियाना में निफ्ट की स्थापना करने के लिए तत्कालीन सूचना और प्रसारण मंत्री की ओर से भी दिनांक 03.09.2013 को पत्र प्राप्त हुआ था।

इसके जबाव में निफ्ट परिसर की स्थापना के लिए नीति राज्य सरकार के साथ साझा की गई थी और दिनांक 19.11.2012 के पत्र के माध्यम से इस नीति के अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध किया गया था। इसके अलावा, निफ्ट के शासी बोर्ड (बीओजी) ने पंजाब राज्य सरकार के अभ्यावेदन पर दिनांक 13.02.2013 को विचार-विमर्श किया था और निफ्ट की डिग्री प्रदान करने के लिए एनआईआईएफटी, मोहाली परिसर का विलय किए जाने की संभावना तलाशने तथा एडवांस सर्टीफिकेट और डिप्लोमा कोर्स के लिए विस्तार केन्द्र के रुप में जालंधर और लुधियाना केंद्रों को रखने का निदेश दिया था। महानिदेशक, निफ्ट ने दिनांक 1.3.2013 के पत्र के माध्यम से महानिदेशक, एनआईआईएफटी मोहाली को इस बारे में सूचित किया था तथा प्रस्ताव फिर से प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था। तथापि, नए निफ्ट परिसर खोलने की नीति के अनुसार अथवा दिनांक 13.02.2013 को शासी बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पंजाब राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): अपैरल और परिधानों के हाल के रूझानों को ध्यान में रखते हुए और निफ्ट द्वारा किए गए व्यवहार्यता अध्ययन के आधार पर निफ्ट द्वारा शैक्षिक सत्र 2020-21 से इसके दो मौजूदा निफ्ट परिसरों में निम्नलिखित अवर-स्नातक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी।

निफ्ट शिलांग

1) बैचलर ऑफ डिजाइन (टेक्सटाइल डिजाइन)
2) बैचलर ऑफ डिजाइन (फैशन कम्युनिकेशन)

निफ्ट भोपाल

1) बैचलर ऑफ डिजाइऩ (फैशन कम्युनिकेशन)
2) बैचलर ऑफ डिजाइऩ (फैशन डिजाइन)
3) बैचलर ऑफ फैशन टेक्नालॉजी (अपैरल प्रोडक्शन)

उपर्युक्त पाठयक्रम इन परिसर में पहले से चलने वाले मौजूदा पाठयक्रमों के अतिरिक्त होंगे।

(घ): नए परिसरों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की नीति के अनुसार संबंधित राज्य सरकार द्वारा निम्निलिखित प्रतिबद्धताओं सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करना अपेक्षित है:-

(I) 20-30 एकड़ भूमि

(II) वर्ष 2011-2012 के लिए सीपीडब्ल्यूडी के मूल्य दरों पर परिसर के निर्माण के लिए 150-200 करोड़ रुपए।

(III) वर्ष 2011-2012 की मूल्य दरों पर उपकरण, मशीनों, और फर्नीचर की व्यवस्था के लिए 30 करोड़ रुपए।

(IV) परिसर के वित्तीय रूप से अर्थक्षम हो जाने तक राजस्व घाटा समायोजन के लिए वार्षिक राजस्व अनुदान।

*****